कार्य पत्र -6

कक्षा- 6-   विषय-हिंदी

दिनांक:.21.4.20   अनुक्रमांक ---

अध्यापिका रेखा ठाकुर

निर्देश एक -प्रश्नों के केवल उत्तर लिखिए।

दो -पहला और दूसरा प्रश्न कक्षा के समय करें तथा तीसरा प्रश्न गृह कार्य में करें।

तीन- मात्राओं का ध्यान रखें तथा कार्य को सफाई से करें।

भाषा लिपि बोली और व्याकरण

भाषा-भाषा भावों और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है।

भाषा के रूप -भाषा के मुख्यतः दो रूप हैं-१)मौखिक २) लिखित

मौखिक और लिखित के अतिरिक्त भाषा का सांकेतिक रूप भी होता है।

मुख्यतः यह भाषा मूक-बधिर लोगों की भाषा है किंतु हम इसका प्रयोग कई रूपों

में देख सकते हैं जैसे ट्रैफिक को नियंत्रित करता हुआ सिपाही, लाइब्रेरी में बच्चों को मुंह पर उंगली रखकर चुप करवाती हुई अध्यापिका इस प्रकार अनेक रूपों में हम सांकेतिक भाषा का प्रयोग करते हैं।

भाषा के अन्य रूप- मातृ भाषा ,राजभाषा, राष्ट्रभाषा और बोली

लिपि किसी भाषा को लिखने के लिए प्रयोग किए जाने वाले विशेष चिन्हों को लिपि कहते हैं। प्रत्येक भाषा की लिपि भिन्न-भिन्न होती है जैसे हिंदी ,नेपाली, संस्कृत ,मराठी, गुजराती,कश्मीरी,बांग्ला

की लिपि देवनागरी है। अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच की लिपि रोमन है। पंजाबी की लिपि गुरुमुखी है तथा उर्दू की फारसी है ।

व्याकरण- व्याकरण के द्वारा हमें किसी भी भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होता है तथा उसके शुद्ध प्रयोग का ज्ञान भी होता है।

प्रश्न १-उचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए।

क) परिवार में सीखी भाषा को ---------- कहते हैं।

ख) सरकारी कामकाज की भाषा---------- कहलाती है।

ग) ध्वनियों का लिखा गया रूप ------- कहलाता है।

घ) हिंदी भाषा की लिपि --------- है।

ङ) भाषा के मुख्यत -------रूप हैं।

च) व्याकरण के द्वारा हम भाषा का --------- रूप सीखते हैं।

प्रश्न २ निम्नलिखित में भाषा के लिखित या मौखिक रूप बताओ।

क) मोबाइल पर गाने सुनना

ख) ट्रैफिक सिपाही का यातायात को नियंत्रित करना

ग) वाद विवाद प्रतियोगिता

घ) निबंध लेखन प्रतियोगिता।

ङ) लाइब्रेरी में अध्यापिका का मुंह पर उंगली रखना।

च) मित्र को ईमेल करना।

प्रश्न ३ निम्न भाषाओं की लिपियाँ बताइए।

भाषा	लिपि

हिंदी

पंजाबी

संस्कृत

फ्रेंच

अरबी

अंग्रेजी

कश्मीरी

गुजराती

मराठी